# युवाओं को मिलेगा डिजिटल कौशल का नया मंच



देहरादून। यूपीईएस के स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस की ओर से ऑपरेशंस एंड टेक्नोलॉजी, सेल्सफोर्स इंडिया के साथ बृहस्पतिवार को करार किया गया। कृत्रिम बुद्धिमता आधारित ग्राहक संबंध प्रबंधन प्रणाली के तहत की गई इस साझेदारी से युवाओं को डिजिटल कौशल विकास का नया मंच मिलेगा। इससे छात्रों को उद्योग-उन्मुख और वास्तविक जीवन से जुड़े शिक्षा का अनुभव प्रदान होगा। कौशल विकास कोर्स निशुल्क और सशुल्क दोनों प्रकार से दिया जाएगा। इसके साथ ही यह फैकल्टी और उद्योग के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करेगा, जिससे पाठ्यक्रम में लगातार सुधार और अद्यतन किया जा सके। स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस के डीन डॉ. विजयशेखर चेल्लाबोइना, सेल्सफोर्स के प्रबंध निदेशक संकल्प अटल ने कहा कि इससे युवाओं की प्रतिभा बढ़ेगी, और कौशल विकास होगा। संवाद